भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या – 2941
दिनांक 13.08.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन की अध्यक्षता

2941. श्री सुजीत कुमार:

क्या ***विदेश*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन (आईओआरए) की भारत की अध्यक्षता के अंतर्गत प्रमुख पहलों और उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) चेन्नई में आयोजित भारत-ऑस्ट्रेलिया सर्च एंड रेस्क्यू प्रशिक्षण के क्या परिणाम रहे;

(ग) आईओआरए सदस्य देशों के बीच समुद्री सुरक्षा और सहयोग को सुदृढ़ करने हेतु किए गए उपायों और परिकल्पित रूपरेखा का ब्यौरा क्या है; और

(घ) भारत की अध्यक्षता की अवधि कितनी है और इसके सफल संक्रमण हेतु क्या रूपरेखा है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्गेरिटा)

(क से घ) भारत ने "हिंद महासागर क्षेत्र में नवाचार, खुलापन, सुदृढ़ता और अनुकूलन क्षमता" विषय के तहत *2025-2027* से दो वर्ष की अवधि के लिए आईओआरए की अध्यक्षता ग्रहण की।

अपनी मौजूदा अध्यक्षता के दौरान, भारत ने 07-08 मई 2026 को नई दिल्ली में आईओआरए के प्रमुख 'ट्रैक 1.5 संवाद' अर्थात "हिंद महासागर संवाद" का आयोजन किया। जून 2026 में, भारत ने तीन वर्ष के अंतराल के बाद आईओआरए की वरिष्ठ अधिकारियों की समिति (सीएसओ) की प्रत्यक्ष बैठक आयोजित की और इस वर्ष के अंत में भारत द्वारा आयोजित की जाने वाली मंत्रिपरिषद की वार्षिक बैठक के लिए कार्यसूची को अंतिम रूप दिया। इसके अलावा, 08-13 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में आईओआरए अधिकारियों के लिए एक सप्ताह का क्षमता-निर्माण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था।

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने समुद्री सुरक्षा और संरक्षा संबंधी आईओआरए कार्य समूह के सह-प्रमुख के रूप में, 17-19 जून 2026 को मैरीटाइम रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर, चेन्नई में एक खोज और बचाव तथा टेबलटॉप

अभ्यास का आयोजन किया। इस कार्यशाला ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और संरक्षा सहयोग को मजबूत करने तथा आईओआरए सदस्य देशों को उनकी एसएआर क्षमताओं को बेहतर बनाने में सहायता की। समुद्री सुरक्षा और संरक्षा संबंधी आईओआरए कार्य समूह (डब्ल्यूजीएमएसएस) के समन्वय देश के रूप में, भारत ने जून 2026 में पर्थ में आयोजित डब्ल्यूजीएमएसएस की बैठक में भाग लिया, ताकि कार्य समूह की वर्तमान कार्य योजना को अंतिम रूप दिया जा सके।

*****